डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल

19 सीताराम नगर, वेलचेरी, चेन्नई

वर्चुअल भारत छोड़ो दिवस समारोह पर रिपोर्ट

''मेरा मानना है कि दुनिया के इतिहास में, स्वतंत्रता के लिए वास्तव में भारत की तुलना में अधिक लोकतांत्रिक संघर्ष नहीं हुआ है।'' - महात्मा गांधीजी।

अपने नेताओं द्वारा स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों को याद करने और भारत छोड़ो आंदोलन के 79 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल वेलचेरी ने पहला वर्चुअल भारत छोड़ो दिवस 9 अगस्त 2021 को मनाया। प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू अग्रवाल के मार्गदर्शन में आठवीं कक्षा के उत्साही छात्रों एवं शिक्षकों ने उत्सव का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत छठी कक्षा के छात्रों द्वारा अगस्त क्रांति के पाँच प्रतिभागियों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। छात्रों द्वारा रंगीन चित्रों के साथ उनके योगदान की कुशल व्याख्या ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया।

इसके बाद सातवीं कक्षा के छात्रों द्वारा शानदार कठपुतली शो प्रस्तुत किया गया जिसमें भारत छोड़ो आंदोलन के कारणों, परिणामों और प्रभावों को बाल कलाकारों द्वारा सौंदर्यपूर्ण रूप से दिखाया गया था। इस रचनात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखा।

अगली पंक्ति में आठवीं कक्षा के छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक आकर्षक नाटिका, 'डायरी ऑफ ए सत्याग्रही' थी। डायरी के पुराने और टेढ़े- मेढ़े पन्नों के माध्यम से भारत छोड़ो आंदोलन को आकषर्क रूप से प्रदर्शित किया गया। घटनाओं के भावनात्मक वर्णन ने दर्शकों को स्वतंत्रता संग्राम के युग में पहुँचा दिया।

नौवीं कक्षा के छात्रों ने दर्शकों के बीच देशभक्ति की भावना जगाने का अपना अनोखा तरिका अपनाया। उन्होंने आंदोलन का सम्मान करते हुए निपुणता से डिजाइन किए गए डिजिटल पोस्टर प्रस्तुत किए।

दसवीं कक्षा के छात्रों द्वारा प्रस्तुत 'म्यूजिक मेडले' कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था। देशभक्ति का कोई रंग नहीं होता... कोई पंथ नहीं... और कोई भाषा नहीं। इसी भाव से परिपूर्ण तमिल और बंगाली गीतों की सुंदर प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगाए।

इस उत्सव ने छात्रों को ब्रिटेन के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए हमारे पूर्वजों के संघर्ष की याद दिलाने के लिए उत्तेजक रूप में कार्य किया।



डायरी ऑफ ए सत्याग्रही’ - आकर्षक नाटिका